# Kothari College of Management, Science & Technology

**September : 2020**

## B.Com. I Year Examination For Private Students

## स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए B.Com. I Year परीक्षा

## ( असाईनमेंट पद्धति (Assignment Method)

## लेखा समूह (Accounting Group)

## प्रथम प्रश्न पत्र : वित्तीय लेखांकन (Paper I : Financial Accounting)

**[Max Marks : Private 50**

**[Min. Marks : Private 17**

**नोट :** असाईमेंट महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 9 सितम्बर 2020 है।

खण्ड अ, ब तथा स सभी स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य है। प्रत्येक खण्ड में दिये गये निर्देशों का पालन करें। सभी के लिये अंक विभाजन योजना प्रश्नपत्र में दर्शाये अनुसार होगी।

Section A, B and C are compulsory for all Private sutdents. Please follow the instructions, given in each section. Marks distribution for all students are as shown in question paper.

**खण्ड अ : वस्तुनिष्ठ Section A : Objective** **Private 5 × 1 = 5**

1. विक्रय बही में लिखा जाता है।

(अ) माल का विक्रय (ब) सभी नकद विक्रय

(स) सभी उधार विक्रय (द) माल का सभी उधार विक्रय।

In Sales Book record is made :

(a) Sales of Goods (b) All Cash Sales

(c) All Credit Sales (d) All Credit Sales of Goods.

2. स्थायी सम्पत्तियों के लिए लेखांकन :

(अ) लेखा मानक 6 (ब) लेखा मानक 10 (स) लेखा मानक 3 (द) लेखा मानक 2

Accounting for Fixed Assets :

(a) AS-6 (b) AS-10 (c) AS-3 (d) AS-2

3. सचिन को मानदेय का भुगतान है :

(अ) पूँजीगत व्यय (ब) आयगत व्यय (स) नकद व्यय।

Payment of honorarium to Secretary is treated as :

(a) Capital Expenditure (b) Revenue Expenditure (c) Cash Expenses.

4. संयुक्त उपक्रम खाता है :

(अ) नाममात्र खाता (ब) व्यक्तिगत खाता (स) वास्तविक खाता (द) इनमें से कोई नहीं।

Joint Venture Account is :

(a) Nominal A/c (b) Personal A/c (c) Real A/c (d) None of these.

5. मृतक साझेदार की देय राशि का भुगतान किया जाता है :

(अ) पिता को (ब) मित्र को (स) पत्नी को (द) उत्तराधिकारी को।

The amount due to the decreased partner is paid to his :

(a) Father (b) Friend (c) Wife (d) Executor.

**खण्ड ब : लघु उत्तरीय Section B : Short Answer** **Private 5 × 3 = 15**

1. रोजनामचा तथा खाताबही में अन्तर बताइये।

Distinguish between Journal and Ledger.

**अथवा (Or)**

निम्नांकित तलपट से जिसमें त्रुटियाँ हैं; सही तलपट बनाइए :

| | **डेबिट (Dr.) रुपये (Rs.)** | **क्रेडिट (Cr.) रुपये (Rs.)** |
|---|---|---|
| बिके हुए माल की लागत (Cost of Goods Sold) | 1,50,000 | - |
| अन्तिम रहतिया (Closing Stock) | - | 40,000 |
| देनदार (Debtors) | - | 60,000 |
| लेनदार (Creditors) | - | 30,000 |
| स्थायी सम्पत्तियाँ (Fixed Assets) | 50,000 | - |
| प्रारम्भिक रहतिया (Opening Stock) | 60,000 | - |
| व्यय (Expenses) | - | 20,000 |
| बिक्री (Sales) | - | 2,00,000 |
| पूँजी (Capital) | - | 2,00,000 |
| | **3,50,000** | **3,50,000** |

Prepare Correct Trial Balance From the above Trial Balance in which there are mistakes.

2. शाखा लेखे रखने के क्या उद्देश्य है?

What are the objects of keeping Branch Accounts?

**अथवा (Or)**

लेखांकन प्रमाप के क्या लाभ है?

What are the advantages of Accounting Standard?

3. आय-व्यय खाता की विशेषताएँ बताइये।

Discuss the features of Income and Expenditure Account.

**अथवा (Or)**

दीपक माइनिंग कम्पनी में 1 रुपये प्रति टन अधिकार शुल्क पर एक खान पट्ट पर ली। न्यूनतम किराये की राशि प्रथम वर्ष 8,000 रुपये द्वितीय वर्ष में 12,000 रुपये और उसके बाद प्रत्येक वर्ष में 16,000 रुपये थी। किसी भी वर्ष की लघुकार्य राशि को उसके अगले दो वर्षों केअधिकार-शुल्क में से अपलिखित किया जा सकता था। चार वर्षों का उत्पादन निम्न प्रकार था :

Deepak Mining Co. took a mine on lease at a Royalty of Re. 1 per ton. The minimum rent was fixed Rs. 8,000 for the first year, Rs. 12,000 for the second year and Rs. 16,000 per year thereafter. Shortworkings of any year could be recouped out of the royalty of next two years only. The production during the four years was as follows :

| वर्ष (Years) | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| उत्पादन टन में (Production in ton) | 4000 | 9000 | 12000 | 18000 |

दीपक माइनिंग कम्पनी की पुस्तकों में भू-स्वामी खाता तैयार कीजिए।

Prepare Land-lord Account in the books of Deepak Mining Co.

4. सामान्य हानि तथा असामान्य हानि में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

Distinguish between National Loss and Abnormal Loss.

**अथवा (Or)**

m और y ने मोटर के पुर्जे खरीदने और बेचने के लिए संयुक्त साहसी के रूप में व्यापार में प्रवेश किया। लाभों और हानियों का विभाजन 2.1 के अनुपात में होना तय हुआ है। सह-साहसियों को उनके द्वारा किए गए विक्रयों पर 5% कमीशन पाने का अधिकार हैं।

लेन-देनों के निम्नांकित विवरणों से m की बहियों में संयुक्त साहस खाता तैयार कीजिए :

m and y entered into a Joint Venture to purchase and sell motor parts. Profit and losses are to be shared as 2:1. Co-ventures are entitled to 5% commission on their respective sales.

Prepare Joint Venture Account in the books of m from the following details of the trasactions.

| | **एम (m)** | **वाई (y)** |
|---|---|---|
| | **रुपये (Rs.)** | **रुपये (Rs.)** |
| मोटर पुर्जों की खरीदी (Motor Parts Purchased) | 15,000 | 10,000 |
| विक्रय राशियाँ (Sales Proceeds) | 1,400 | 900 |
| अविक्रित माल ले लिया गया (Unslod Goods taken over) | 25,000 | 15,000 |
| | - | 4,000 |

5. फर्मों के एकीकरण के उद्देश्य बताइये।

Discuss the objects of Amalgamation of Firms.

**अथवा (Or)**

रचना, नेहा और भावना एक फर्म में साझेदार हैं और लाभालाभ बराबर अनुपात में बाटती हैं। उन्होंने 31 मार्च, 2018 को फर्म का समापन किया। इस तारीख को फर्म का चिट्ठा निम्नांकित था :

Rachna, Neha and Bhawna are partners in a firm and share profit and losses equally. They dissolved the firm on 31st March, 2018. On this date the Balance Sheet of this firm was as under :

| | | रुपये Rs. | | रुपये Rs. |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार (Creditors) | | 60,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ (Fixed Assets) | 1,00,000 |
| पूँजी (Capitals) : | | | चालू सम्पत्तियाँ (Current Assets) | 40,000 |
| Rechna | 30,000 | | रोकड़ (Cash) | 10,000 |
| Neha | 30,000 | | | |
| Bhawns | 30,000 | 90,000 | | |
| | | **1,50,000** | | **1,50,000** |

सम्पत्तियों से उनके पुस्तकीय मूल्य से 10% कम वसूल हुए। लेनदारों को पूरा भुगतान किया गया। समापन व्यय 500 रुपये हुए जिनक़ा नकदी में भुगतान किया गया। एक संदिग्ध दायित्व के लिए जिसकी पुस्तकों में कोई व्यवस्था नहीं थी, 500 रुपये भुगतान किये गये। वसूली खाता तैयार कीजिए।

10% less than book value was realised from assets. Creditors were paid in full. Dissolution expenses amounted to Re. 500 which were paid in cash. An amount of Rs. 500 was paid for contingent liability for which no provision was made in the books of accounts. Prepare Realisation Account :

**खण्ड स : दीर्घ उत्तरीय Section C : Long Answer** **Private 5 × 6 = 30**

1. लेखांकन अवधारणाओं से आप क्या समझते हैं? किन्हीं चार को बताइए।

What do you mean by Accounting Concept? Mention any four.

**अथवा (Or)**

निम्नलिखित लेनदेनों से तीन खाने वाली रोकड़ बही तैयार कीजिए :

Prepare a Three Column Cash Book from the following transactions :

| 2018 | | रुपये (Rs.) |
|---|---|---|
| Jan. 1 | रोकड़ शेष (Cash Balance) | 16,000 |
| | बैंक अधिविकर्ष (Bank Overdraft) | 10,000 |
| Jan. 7 | ईश्वर से चेक मिला (Received a cheque from Ishwar) | 49,500 |
| | उसको छूट दी (Allowed him discount) | 500 |
| Jan. 9 | बैंक में नकद जमा किये (Cash deposited into Bank) | 10,000 |
| Jan. 11 | योगेश ने नकद दिया (Cash paid by Yogesh) | 1,000 |
| Jan. 15 | निजी व्यय के लिए बैंक से निकाले (Withdrew from Bank for Private Expenses) | 1,000 |
| Jan. 20 | ऋण का भुगतान 30,000 रुपये पाया और इसमें से 20,000 रुपये बैंक में जमा किये। Received Repayment of Loan Rs. 30,000 and deposited out of it Rs. 20,000 in Bank. | |

2. शाखा लेखे एवं विभागीय लेखे में अन्तर बताइये।

Distinguish between Branch Accounts and Departmental Accounts.

**अथवा (Or)**

निम्नांकित के लिए मुख्य कार्यालय की पुस्तकों में 31 मार्च की क्या प्रविष्टियाँ की जायेंगी :

(अ) 5,000 रुपये का माल इन्दौर शाखा से भोपाल शाखा को मुख्य कार्यालय के आदेशानुसार भेजा गया।

(ब) शाखा की स्थायी सम्पत्तियों का 10,000 रुपये का ह्रास जबकि स्थायी सम्पत्तियों का खाता मुख्य कार्यालय की पुस्तकों में खोला जाता है।

(स) 26 मार्च को कोलकाता शाखा ने 30,000 रुपये मुख्य कार्यालय को भेजे जो कि मुख्य कार्यालय की पुस्तकों में बोला जाता है।

(द) 20 मार्च को मुख्य कार्यालय ने 50,000 रुपये का माल कोलकाता शाखा को भेजा जिसे शाखा ने 15 अप्रैल को प्राप्त किया।

Show what entries would be passed by Head Office to record the following transactions in the books on 31st March :

(a) Goods amounting to Rs. 5,000 transferred from Indore Branch to Bhopal Branch under instruction from Head Office.

(b) Depreciation of Rs. 10,000 on Branch Fixed Assets when such accounts are opened in the Head Office Books.

(c) A remittance of Rs. 30,000 made by the Kolkata Branch to Head Office on 26th March and received by the Head Office next year on 4th April.

(d) Goods amounting to Rs. 50,000 sent by Head Office to Kolkata Branch on 20th March and received by later on 15th April.

3. 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष का राधे क्लब का आगम शोधन खाता नीचे दिया हुआ है :

Given below is the Receipts and Payment Account of Radhe Club for the year ended 31st March, 2018.

| | **रुपये Rs.** | | **रुपये Rs.** |
|---|---|---|---|
| शेष (Balance) | 6,200 | सामान्य व्यय (General Expenses) | 2,710 |
| वार्षिक चंदा (Annual Subscription) | 8,150 | वेतन (Salary) | 2,750 |
| आजीवन सदस्यता शुल्क (Life Membership Fees) | 1,250 | उपस्कर (Furniture) | 4,000 |
| प्रवेश शुल्क (Entrance Fees) | 1,200 | किराया व कर (Rent and Tax) | 625 |
| प्रतिभूतियों पर ब्याज (Interest on Securities) | 945 | छपाई (Printing) | 625 |
| | | मरम्मत (Repair) | 6,550 |
| विविध प्राप्तियाँ (Sundry Receipts) | 265 | शेष (Balance) | 6,550 |
| | **18,010** | | **18,010** |

आदत चन्दे की राशि 1,750 रुपये, 31 मार्च, 2018 को अदत्त सामान्य व्यय 200 रुपये थे, सचिव का वेतन 750 रुपये जो क्लब द्वारा स्वीकृत हो चुका है, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। फर्नीचर पर ह्रास के रूप में 500 रुपये अपलिखित करते हैं।

आय-व्यय खाता बनाइए।

The subscription in arrears amounted to Rs. 1,750, General Expenses outstanding on 31st March, 2018 were Rs. 200. Secretary's Salary Rs. 750 though sanctioned by the Club has not been paid Rs. 500 is to be written off as depreciation on furniture.

Prepare Income and Expenditure Account.

**अथवा (Or)**

भू-स्वामी और पट्टेदार की पुस्तकों में अधिकार-शुल्क के सम्बन्ध में कौन-सी जर्नल प्रविष्टियाँ की जाती हैं?

What Journal Entries are passed in the books of Landicrul and Lessec regarding Royalties?

4. विक्रय तथा प्रेषण में क्या अन्तर है।

What is the difference between Sale and Consignment?

**अथवा (Or)**

B ने 100 रुपये वाले 80, 9% ऋणपत्र 1 फरवरी, 2017 को ब्याज रहित A को 120 रुपये प्रति 9% ऋणपत्र की दर से बेचे और इस बिक्री पर 1/2% दलाली दी। ब्याज प्रत्येक वर्ष 30 सितम्बर और 31 मार्च को देय होता है। B की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए। B अपनी पुस्तकें प्रतिवर्ष 31 मार्च को बंद करता है।

On 1st Feb. 2017 B sold 80, 9% Debentures of Rs. 100 each to A @ Rs. 120 per ex-int and paid 1/2% Brokerage on this sale. Interest in payable on 30th September and 31st March each year. Pass Journal Entries in the books of B.B closes his books on 31st March each year.

5. एक साझेदारी फर्म का संयुक्त पूँजी कम्पनी में परिवर्तन क्यों तथा कैसे किया जाता है?

Why and how is Partnership Firm converted into a Joint Stock Company?

**अथवा (Or)**

एक्स वाई तथा जेड जो कि 3:1:1 के अनुपात में लाभ बांटते हैं, का आर्थिक चिट्ठा 31 मार्च, 2018 समापन की तिथि को निम्नलिखित था :

The Balance Sheet of X, Y and Z who were sharing profits in the ratio of 3:1:1 stood as follows on 31st March, 2018 i.e., the dissolution on date :

| **दायित्व Liabilities** | **रुपये Rs.** | **सम्पत्तियाँ Assets** | **रुपये Rs.** |
|---|---|---|---|
| अधिविकर्ष (Bank Overdraft) | 28,000 | हस्तस्थ रोकड़ (Cash in Hand) | 500 |
| कुल लेनदार (Sundry Creditors) | 24,500 | प्राप्य बिल (Bills Receivable) | 2,000 |
| एक्स की पूँजी (X's Capital) | 7,500 | देनदार (Debtors) | 12,000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| जेड की पूँजी (Z's Capital) | 5,000 | स्कंध (Stock) | 19,000 |
| | | संयंत्र तथा मशीनरी (Plant and Machinery) | 16,000 |
| | | ख्याति (Goodwill) | 5,000 |
| | | वाई की पूँजी (Y's Capital) | 10,500 |
| | **65,000** | | **65,000** |

सम्पत्तियों से वसूली 39,875 रुपये की हुई तथा वसूली व्यय 1,000 रुपये के थे। यह मानते हुए कि सभी साझेदार दिवालिया हो गए। समाप खाते बताइए।

The Assets realised Rs. 39,875 and Realisation Expenses are Rs. 1,000. Prepare Dissolution Accounts assuming that they are all insolvent.

■■■